

नवभारत
भोपाल, गुरुवार, 21 मई 2026

# 24 घंटे के आंदोलन के बाद प्रशासन जांच को तैयार

## वन विभाग पर प्रताड़ना के आरोप

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 20 मई. आदिवासी समुदाय के लोगों ने कथित उत्पीड़न के विरोध में लंबा धरना-प्रदर्शन किया. करीब 24 घंटे तक चले इस आंदोलन के बाद प्रशासन को प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचकर विशेष जांच टीम गठित करने का आश्वासन देना पड़ा.**

जानकारी के अनुसार, आदिवासी समाज के विभिन्न संगठन हमारा गांव हमारा संगठन के बैनर तले अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को पीपल चौक पर एकत्र हुए थे. प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सिवनी मालवा वन परिक्षेत्र में कार्यरत आदिवासी समुदाय के दो चौकीदारों के साथ वन विभाग के अधिकारियों ने अमानवीय व्यवहार किया. समाज के लोगों का कहना है कि अवैध कटाई के मामले में दोनों चौकीदारों को बिना पर्याप्त सबूत हिरासत में रखा गया और पूछताछ के दौरान कई घंटों तक प्रताड़ित किया गया.



प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि दोनों कर्मचारियों को मारपीट के साथ बिजली का करंट देकर थर्ड डिग्री टॉर्चर किया गया.

धरने के दौरान प्रदर्शनकारियों ने वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई. उन्होंने एसडीओ अनिल विश्वकर्मा और संबंधित डिप्टी रेंजर पर एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए कहा कि मामले में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है.आंदोलन का नेतृत्व कर रहे दुर्गेश धुर्वे ने कहा कि आदिवासी समाज के लोगों के साथ इस तरह की घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है.

> धरना लगातार जारी रहने के बाद बुधवार को प्रभारी कलेक्टर हिमांशु जैन प्रदर्शन स्थल पहुंचे. प्रशासन और संगठनों के बीच चर्चा के बाद मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम बनाने का लिखित आश्वासन दिया गया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया.

## उपचार कराने आई महिला को निकला 15 साल पुराना फ्रैक्चर

**हरदा, 20 मई.** जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने और शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान' एवं 'प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान' के तहत जिले में 18 से 25 मई तक 'लाभार्थी संतुष्टि शिविर' आयोजित किए जा रहे हैं. बुधवार को जिले के ग्राम रेसलपुर में आयोजित लाभार्थी शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार शिविर आयोजित कर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण आयोजित किया.. इस शिविर में मोबाइल एक्स-रे मशीन भी लगाई गई थी. ग्राम की लगभग 50 वर्षीय महिला मिश्रीबाई शिविर में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने आई. चिकित्सकों को उक्त महिला के बांया हाथ टेढ़ा दिखा. तत्काल एक्स-रे लिया गया, तो हाथ में स्पष्ट रूप से फ्रेक्चर पाया गया. जब मिश्रीबाई से फ्रेक्चर के बारे में जानकारी ली गई तो उसने बताया कि 15 साल पूर्व फिसलकर गिर जाने से हाथ टूट गया था.

# 7 लाख के चावल से भरे गायब ट्रक का पता चला

**नर्मदापुरम, 20 मई. पिपरिया क्षेत्र में चावल से भरे एक ट्रक के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला सामने आने के बाद पुलिस को उसका सुराग मिल गया हैं. पुलिस की टीम ट्रक को लेने रवाना हो गई हैं. गुरुवार तक ट्रक पिपरिया थाने आ जाएगा. हालांकि पुलिस ने अभी ट्रक की लोकेशन नहीं बताई है.**

मंगलवारा थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि 12 मई को ट्रक 300 क्विंटल चावल लेकर नीमच के लिए रवाना हुआ था, लेकिन 7 दिन बीत जाने के बाद भी ट्रक अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचा. लगातार संपर्क नहीं होने और ट्रक का कोई पता नहीं चलने पर 19 मई को मामले की शिकायत पिपरिया थाना में दर्ज कराई गई. ट्रक खापरखेड़ा स्थित जयगिरी राईस एग्रो मिल से निकला था. फरियादी दिनेश कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थीं, ट्रक में 600 बोरी चावल लोड कर नीमच भेजा था. ट्रक में लदे चावल का कुल वजन करीब 300 क्विंटल था, जिसकी अनुमानित कीमत 6 लाख 81 हजार 590 रुपये बताई गई थीं.

फरियादी के मुताबिक ट्रक निर्धारित समय में नीमच नहीं पहुंचा तो चालक से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला. कई दिनों तक ट्रक और चालक का कोई सुराग नहीं लगने पर आशंका गहरा गई कि ट्रक को बीच रास्ते में कहीं गायब कर दिया गया है या माल का गबन किया गया है. इसके बाद मिल प्रबंधन ने पुलिस की शरण ली थीं.

मामले को गंभीरता से लेते हुए पिपरिया थाना ने ट्रक चालक के खिलाफ अमानत में खयानत और ट्रक सहित माल गायब करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.पुलिस ने ट्रक के संभावित रूट, टोल प्लाजा, सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन के आधार पर चालक और ट्रक की तलाश में जुटी थीं. जिसके बाद मुखबिर तंत्र से पुलिस को ट्रक की लोकेशन मिली.

## एक नजर में



### सभी सुख देने वाली है मां नर्मदा : आचार्य

**हरदा.** श्रीराम मंदिर गोलापुरा में नर्मदा भक्त पंडित महेश दुबे द्वारा आयोजित नर्मदा पुराण के चौथे दिवस मां नर्मदा के गुणगान को सुनाते हुए व्यास पीठ पर विराजमान पंडित प्रफुल्ल जी ने कहा कि कलिकाल में सभी दुखों को हरने वाली पुण्य सलिला मां नर्मदा सभी सुखों को देने वाली है, इनका हर घाट अपने स्तर पर अनेक लोक कथाओं को समेटे हुए सौंदर्य से भरपूर है. भेड़ाघाट, बरमान घाट सहित अनेक घाट के प्रसंगों का वर्णन आज की कथा में किया गया. आचार्य प्रफुल्ल के कहा कि शेष पवित्र नदियों में स्नान कर पुण्यलाभ मिलता है पर मां नर्मदा के दर्शन मात्र से पाप कट जाते हैं और पुण्य फलित होता है.




### गर्मी में युवाओं ने 590 पौधों को दिया पानी

**हरदा.** नगरपालिका परिषद हरदा द्वारा पिछले वर्ष गुप्तेश्वर मंदिर , अजनाल नदी के किनारे , तवा कालोनी कलेक्टर कार्यालय परिसर सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों एवं अनेक परिसर में पौधारोपण किया गया था . इन पौधों के संरक्षण एवं देखभाल के लिए भीषण गर्मी में नार्मदीय ब्राह्मण समाज हरदा के अशोक शुक्ला , कमलेश पारे , दीपक शुक्ला ट्रस्टी नार्मदीय ब्राह्मण समाज हरदा द्वारा विगत दिनों से सुबह 6 :30 पर नगरपालिका के टैंकर, स्वयं के साधनों बाल्टी , पाइप , गेती , फावड़ा आदि के साथ पानी देने का कार्य किया जा रहा है . अजनाल नदी तट पर 430 पौधो एवं कलेक्टर कार्यालय बाहरी परिसर में 160 पौधों को पानी दिया गया . रेवा पर्यावरण क्लब से जुड़े कमलेश पारे एवं दीपक शुक्ला ने बताया कि अभी तवा कॉलोनी परिसर तहसील कार्यालय के आसपास, सिविल लाइन थाना , आरटीओ थाना , नहर के किनारे और भी अनेक स्थानों पर सभी पौधो में नगरपालिका हरदा के सहयोग से पानी देने का काम किया जाएगा . क्लब से जुड़े कमलेश पारे ने बताया कि इन पौधों के पेड़ बनने तक देखरेख भी की जाएगी . वर्तमान समय में बढ़ते तापक्रम एवं जल संरक्षण हेतु पौधो का पेड़ बनना जरूरी है .

### कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**हरदा.** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ . एच .पी . सिंह ने बुधवार को जिले के ग्राम एडाबेड़ा व जामली में कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर फूट बास्केट वितरित की . इस दौरान उन्होंने ग्राम एडाबेडा की धरा एवं ग्राम जामली सेक्टर सोनतलाई ग्रामीण-2 हरदा की काव्या मोरी का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां एवं फुड बास्केट का वितरण किया. इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनिता, रूपाली विश्नोई, एवं बीईई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हंडिया अजय उपाध्याय उपस्थित रहे .

### महिला से पर्स छीनने वाले तीन गिरफ्तार

**नर्मदापुरम.** थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत रसूलिया में महिला से पर्स और मोबाइल लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है . 15 मई को शिक्षिका अनीता सारटिया अपनी भाभी के साथ स्कूटी से जा रही थीं, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उनका पर्स छीन लिया था . पुलिस ने करीब 500 सीसीटीवी कैमरों की जांच और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अनिकेत यादव, मोनू यादव और विशाल यादव को पकड़ा . आरोपियों से लूटा गया पर्स, मोबाइल, ?1700 नकद और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई। कार्रवाई में थाना देहात पुलिस की अहम भूमिका रही .

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न

**हरदा.** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, हरदा के निर्देशानुसार बुधवार को जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा स्थानीय वृद्धाश्रम में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया . उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि इस शिविर में 41 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसके तहत मनो-चिकित्सीय जांच, कान एवं श्रवण क्षमता की जांच, फिजियोथैरेपी सेवाएं तथा सहायक उपकरणों के उपयोग के तरीके और व्यावसायिक परामर्श दिया गया .

## कृषि रथ से किसानों को दी जा रही जानकारी

**हरदा, 20 मई.** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में कृषि वर्ष 2026 के तहत जिले में संचालित कृषि रथ अभियान लगातार चौथे दिन भी प्रभावी रूप से जारी है. जिले के तीनों विकासखंडों में कृषि रथ भ्रमण कर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, शासन की योजनाओं एवं खरीफ तैयारी संबंधी जानकारी प्रदान कर रहा है. उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि रथ के माध्यम से किसानों को ई-टोकन व्यवस्था, उर्वरक उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, एकीकृत पोषक तत्व एवं कीट प्रबंधन, फसल विविधीकरण, पराली प्रबंधन सहित विभिन्न विषयों पर जागरूक किया जा रहा है. साथ ही खरीफ सीजन हेतु उन्नत कृषि तकनीकों का प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है.

# कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति हैं : सांसद

## बिजली गुल होने के बावजूद चला भाजपा का 'कार्यकर्ता संवाद'

**सिवनी मालवा 20 मई. बानापुरा विश्राम गृह में भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रहित, जनहित एवं विकास के संकल्प के साथ 'कार्यकर्ता संवाद' कार्यक्रम आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं विधायक प्रेमशंकर वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे.**



कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, आगामी योजनाओं एवं जनहित से जुड़े विषयों पर कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की गई. कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और समर्पण की अनूठी मिसाल देखने को मिली. बिजली गुल होने के बाद भी भीषण गर्मी के बीच कार्यक्रम लगातार जारी रहा और सांसद व विधायक मोबाइल की रोशनी में ही कार्यकर्ताओं के सुझाव, अनुभव और विचार सुनते रहे.

सांसद चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति हैं, जिनके अथक परिश्रम और समर्पण से भारतीय जनता पार्टी निरंतर जनसेवा के नए आयाम स्थापित कर रही है. उन्होंने कहा कि संवाद के माध्यम से कार्यकर्ताओं के सुझाव, अनुभव एवं विचार प्राप्त हुए हैं, जो संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे.

> उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों के उत्साह, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव राष्ट्रहित, जनहित एवं विकास के संकल्प के साथ कार्य करती रही है. इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए भविष्य की योजनाओं एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर यह संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी संगठन की मजबूती, जनहितैषी योजनाओं तथा राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर अपने विचार व्यक्त किए.

## पुरानी इटारसी में बिजली कटौती आज

**इटारसी.** पुरानी इटारसी और सनखेड़ा नाका क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को गुरुवार, 21 मई को चार घंटे बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा. विद्युत विभाग ने ट्रैक्टर स्कीम उपकेंद्र से संचालित 11 केवी पुरानी इटारसी फीडर पर आवश्यक रखरखाव और लाइन मेंटेनेंस कार्य के चलते यह शटडाउन घोषित किया है. विभाग के अनुसार सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी. इस दौरान लाइन मेंटेनेंस और तकनीकी कार्य किए जाएंगे ताकि भविष्य में बिजली व्यवस्था सुचारू बनी रहे. कटौती से सनखेड़ा नाका, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पिंक सिटी, प्रधान मोहल्ला, पटेल मोहल्ला, कावड़ मोहल्ला, प्रजापति मोहल्ला, दक्षिण बंगलिया और श्रीराम नगर सहित कई इलाके प्रभावित होंगे.

## तीन वार्डों में नगरपालिका ने हटाया अतिक्रमण

**हरदा,20 मई. नगर पालिका ने बुधवार को शहर के वार्ड नंबर 5 , वार्ड नंबर 8 और वार्ड नंबर 1 के तीन स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की.**

सीएमओ कमलेश पाटीदार ने बताया कि बारिश से पहले जर्जर मकानों और अवैध अतिक्रमणों को हटाने का अभियान चलाया जा रहा है. इसके तहत हर बुधवार शहर के अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रशासनिक कार्रवाई से पहले स्वयं अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा सख्ती से कार्रवाई की जाएगी. तहसीलदार राजेंद्र पंवार की मौजूदगी में नगर पालिका अमले ने जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण हटाए. कार्रवाई के दौरान पुल निर्माण में बाधक दुकानें और जर्जर क्वार्टर तोड़े गए.

नगर पालिका अमले ने अजनाल नदी पर बन रहे गुप्तेश्वर मंदिर पुल के दूसरी ओर वार्ड नंबर 5 नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला के पास बनी दो दुकानों को हटाया. अधिकारियों के अनुसार ये दुकानें लंबे समय से पुल निर्माण कार्य में बाधा बन रही थीं.

वहीं वार्ड नंबर 8 और वार्ड नंबर 1 में भी अतिक्रमण हटाया. यहां निराश्रित लोगों के लिए बनाए गए पुराने और जर्जर पांच क्वार्टरों को तोड़ा गया. इन क्वार्टरों पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था. स्थानीय लोगों ने इन जर्जर मकानों में संदिग्ध गतिविधियां होने की शिकायत भी की थी.

# कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों को दिए पोषण किट

## नहरों में पानी की वितरण व्यवस्था देखी

**हरदा, 20 मई. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को पोषण प्रहरी अभियान के तहत हरदा के वार्ड क्रमांक 25 के आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 50 एवं वार्ड क्र. 26 के आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 53 में कुपोषित बच्चों को पोषण किट प्रदान किये.**

इस दौरान उन्होने आंगनवाड़ी केन्द्र पर संचालित गतिविधियों एवं पोषण ट्रेकर पर दर्ज जानकारी का निरीक्षण भी किया. जैन ने गहाल के माचक नहर डिस्ट्रीब्यूटरी पर पहुंचकर वहां सिंचाई जल प्रदाय व्यवस्था का भी निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि किसानों को मूंग सिंचाई के लिये पर्याप्त पानी मिले, यह सुनिश्चित किया जाए. जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को नहरों के प्रमुख स्थानों पर सौर ऊर्जा चलित सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिये. कलेक्टर ने सुल्तानपुर वेयरहाउस पहुंचकर यहां 9 सहकारी समितियों द्वारा उपार्जित किये जा रहे गेहूं की व्यवस्था का निरीक्षण किया. उन्होंने मुहाल में समृद्धि वेयरहाउस में भी गेहूं उपार्जन तुलाई, हम्माल एवं भंडार व्यवस्था देखीं. उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं विक्रय करने आ रहे किसानों को उर्वरक का अग्रिम उठाव करने की भी सलाह दी.



भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम रैसलपुर में आमजन की समस्याओं को भी सुना एवं निराकरण के निर्देश दिये. ग्राम में शौचालयों की मरम्मत कराये जाने संबंधी ग्रामीणों की मांग पर पंचायत सचिव को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये. इस दौरान ग्राम मांदला में आंगनवाड़ी एवं आयुर्वेद औषधालय का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखी. इसी तरह सक्तापुर में पोषण वाटिका के निरीक्षण के दौरान यहां रोपे गये पौधों में पानी देने की व्यवस्था करने के जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिये. ग्राम सक्तापुर में शिव महिमा गौशाला का निरीक्षण कर यहां शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के तहसीलदार को निर्देश दिये.

ज्ञापन | अप-डाउनर्स ग्रुप ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

# बानापुरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग तेज

**सिवनी मालवा, 20 मई. बानापुरा रेलवे स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग को लेकर लंबे समय से क्षेत्रीय नागरिक आवाज उठा रहे हैं. इसी क्रम में अप-डाउनर्स ग्रुप के सदस्यों ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी को ज्ञापन सौंपकर यात्रियों की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टॉपेज एवं नागपुर-भुसावल पैसेंजर ट्रेन को पुनः शुरू कराने की मांग की.**

ज्ञापन में राजधानी भोपाल आने-जाने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेमो ट्रेन, कामायनी एक्सप्रेस, ताप्तीगंगा एक्सप्रेस, कुशीनगर एक्सप्रेस एवं तुलसी एक्सप्रेस का बानापुरा स्टेशन पर स्टॉपेज सुनिश्चित करने की मांग की गई. साथ ही नागपुर-भुसावल पैसेंजर ट्रेन को पुनः चालू करने की भी मांग उठाई गई. अप-डाउनर्स ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि वर्षों से रेलवे विभाग एवं जनप्रतिनिधियों को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं, लेकिन अब तक ट्रेनों का स्टॉपेज शुरू नहीं हो सका है. ट्रेनों के समय परिवर्तन और स्टॉपेज नहीं होने के कारण यात्रियों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.




ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि ट्रेन नंबर 13202 मुंबई लोकमान्य तिलक जनता एक्सप्रेस का समय कोरोना काल से पहले सुबह 10:35 बजे था, जिसे बदलकर रात 2:30 बजे कर दिया गया है. देर रात के समय यात्रियों, विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों, छात्रों एवं युवाओं को आने-जाने में भारी कठिनाई और असुरक्षा का सामना करना पड़ता है. कई बार यात्रियों के साथ अप्रिय घटनाएं भी हो चुकी हैं.ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि सिवनी मालवा के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रवासियों के लिए धार्मिक यात्राओं, दर्शनीय स्थलों एवं अन्य कार्यों हेतु पर्याप्त ट्रेन सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं.

### प्लेटफार्म पर दुर्घटना की आशंका

प्लेटफॉर्म पर लगी एलईडी कोच डिस्प्ले प्रणाली बंद होने से यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने के लिए इधर-उधर भागना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है . अप-डाउनर्स ग्रुप ने बानापुरा रेलवे स्टेशन पर पूर्व में संचालित जीआरपी एवं आरपीएफ थाना को पुन: शुरू करने की भी मांग की, ताकि यात्रियों को सुरक्षा का अहसास हो सके . सदस्यों ने कहा कि पूर्व सांसद राव उदय प्रताप सिंह से भी कई बार ट्रेन स्टॉपेज की मांग की गई थी. उनके प्रयासों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 6 अगस्त 2023 को बानापुरा रेलवे स्टेशन के उन्नयन कार्य की शुरुआत हुई, जो वर्तमान में जारी है . नागरिकों का कहना है कि स्टेशन का उन्नयन स्वागत योग्य है, लेकिन यदि ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होगा तो यात्रियों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा .

## आम महोत्सव एवं सेमिनार का आयोजन 30 मई को

**नर्मदापुरम, 20 मई.** जिले में आम की विविधता और स्वाद से लोगों को रूबरू कराने के लिए उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग एवं जिला प्रशासन नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में 30 मई को 'आम महोत्सव एवं सेमीनार' का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम का आयोजन नर्मदा तट स्थित सेठानी घाट पर होगा. नर्मदापुरम जिले में निजी क्षेत्र, शासकीय फार्मों तथा प्राकृतिक रूप से उत्पादित आम की विभिन्न किस्में लंगड़ा, दशहरी, आम्रपाली, मल्लिका, चौसा, बाम्बेग्रीन, तोतापरी, अल्फांसो, केसर, हिमसागर, बादामी, सफेदा और मालगोआ जैसी विभिन्न किस्मों से पर्यटकों एवं आमजनों को अवगत कराया जाएगा.